2020 तक हर घर को स्वच्छ जल : विनोद

पटना (एसएनबी)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में सहयोग कार्यक्रम में उपस्थित बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री विनोद नारायण झा ने कहा कि यह सरकार 2020 तक हर घर को स्वच्छ जल देने में कामयाब हो जाएगी। वैसे भी बिहार सरकार के सात निश्चय में एक 'हर घर नल जल' योजना को उच्च न्यायालय पटना द्वारा मंजूरी मिलने के बाद इसके काम में तेजी आयेगी। पंडौल के शाहपुर से आये कैलाशनाथ चौधरी ने वैद्य सेवा प्राध्यापक के पद पर पुनः पदस्थापित करने के संबंध में अपनी पीड़ा व्यक्त की। समस्तीपुर के रघुनंदन यादव ने सिविल सर्जन समस्तीपुर द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने के संबंध में, राघव किशोर मिश्र ने बासोपट्टी (मधुबनी) थानाध्यक्ष द्वारा ऑनलाइन की गयी खरीदारी में हुए धोखेबाजी को संज्ञान में नहीं लेने के संबंध में, रामजी कनीय अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग महुआ ने अपने बकाये वेतन के भुगतान के संदर्भ में हो रही देरी से अवगत कराया। नालंदा के अविनाश कुमार मोहन ने गंभीर बीमारी से ग्रसित आमजन को अनुदान देने की बात कही। करहगर (रोहतास) से आये नवीन सिंह ने मुकदमें के संबंध में अपनी गुहार लगायी, जिस पर मंत्री ने एसपी से बात कर मामले का निपटारा किया। मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी पंकज सिंह आदि उपस्थित थे।